an>

Title: Need to develop the Vadodara International airport with increasing the length of runway.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा): माननीय उपाध्यक्ष जी, मेरे निर्वाचन क्षेत्र वडोदरा में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माणाधीन है। अगले कुछ महीने में यह कार्यरत हो जाएगा और अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट के परिचालन का आरंभ भी हो जाएगा। वडोदरा एयरपोर्ट का वर्तमान रनवे 8100 फीट का है जिसकी लंबाई 10,500 फीट तक करने का प्रस्ताव है। इससे ही अंतर्राष्ट्रीय विमानों का समावेश संभव होगा। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए नेशनल हाईवे क्रमांक 8 को अपने वर्तमान स्थान से डाइवर्जन देने की आवश्यकता पड़ेगी। एयरपोर्ट प्राधिकरण का गुजरात राज्य सरकार से संबंधित विभाग और वडोदरा जिला प्रशासन के साथ संकलन स्थापित कर दिया गया है। जमीन अधिग्रहण का आयोजन भी किया गया है, इसमें नेशनल हाईवे अथारिटी आफ इंडिया भी शामिल है। नेशनल हाईवे क्रमांक 8 पर 2000 मीटर से ज्यादा जमीन की जरूरत है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री से प्रार्थना करती हूं कि इस कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

SHRI C. MAHENDRAN (POLLACHI) : Hon. Deputy Speaker Sir, Vanakkam. I wish to speak from this seat. I wish to speak in Tamil.

HON. DEPUTY SPEAKER: Yes